एएफएल क्या है?

एएफएल का अर्थ ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल लीग है और खेल को सामान्य रूप से 'फुटी' के नाम से जाना जाता है। एएफएल 1858 में शुरू हुआ था, लेकिन यह खेल आदिवासियों के 'Marngrook' खेल से प्रभावित हुआ था; जो Gunditjmara लोगों की भाषा का शब्द है और इसका अर्थ 'खेल की गेंद' है।

एएफएल फुटबॉल, गैलिक फुटबॉल, रग्बी और बास्केटबॉल में उपयोग की जाने वाले कुशलताओं का संयोजन है।

खेल

एएफएल एक गतिशील तथा वेगपूर्ण खेल है और यह क्रिकेट-मैदान के आकार के क्षेत्र में 20 मिनटों के चार रोमांचक क्वार्टर्स में खेला जाता है!

यह खेल दो टीमों के बीच खेला जाता है और इसमें लक्ष्य यह रहता है कि मैदान के हरेक छोर पर स्थित चार खंभों के सेट के बीच गेंद को किक करके प्वॉइंट्स स्कोर किए जाएँ।

जब फुटबॉल को ऊँचे, अंदरूनी खंभों (गोलपोस्ट्स) के बीच किक किया जाता है, तो गोल हासिल होता है जिसके लिए छह प्वॉइंट्स मिलते हैं। यदि फुटबॉल गोलपोस्ट और कम ऊँचाई वाले बाहरी खंभों (पीछे स्थित खंभों) में से किसी एक के बीच जाती है, तो बिहाइंड हासिल होता है जिसके लिए केवल एक प्वॉइंट मिलता है।

खिलाड़ी अपने हाथों और पैरों, दोनों का उपयोग करके गेंद को पास कर सकते हैं और अंत में बोर्ड पर सबसे अधिक प्वॉइंट्स हासिल करने वाली टीम विजेता होती है।

एएफएल फुटबॉल ओवल

एएफएल बॉल



गोल



बिहाइंड



एएफएल क्या है?

टीम

हरेक टीम में किसी भी समय मैदान पर 18 खिलाड़ी होते हैं, और चार अन्य सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी होते हैं।

18 खिलाड़ियों को छह लोगों के समूहों में विभाजित किया जाता है:

- छह फॉरवर्ड्स, जिनका लक्ष्य स्कोर हासिल करना होता है
- छह मिडफील्डर्स, जो गेंद को फॉरवर्ड्स तक पहुंचाने में मदद करते हैं
- छह डिफेंडर्स, जिनकी भूमिका दूसरी टीम को स्कोर करने से रोकने की होती है

एएफएल फुटबॉल टीम की पोजिशन्स

- CF सेंटर हाफ-फॉरवर्ड
- HF हाफ-फॉरवर्ड
- FP फॉरवर्ड पॉकेट्स
- FF फुल-फॉरवर्ड
- R रक
- C सेंटर
- RR रक-रोवर
- RV रोवर
- W विंग
- CB सेंटर हाफ-बैक
- HB हाफ-बैक
- BP बैक पॉकेट
- FB फुल-बैक

खिलाड़ी ये कर सकते हैं:

हाथों और पैरों से पास करना

कंधों से नीचे टैकल करना

मार्क (गेंद पकड़ना)

खिलाड़ी ये नहीं कर सकते हैं:



पीछे से धक्का देना

किसी दूसरे खिलाड़ी को लड़खड़ाना

कंधों से ऊपर टैकल करना

नियम

यदि आपके लिए यह खेल नया है, तो जानकारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियम हैं:

खिलाड़ी ये कर सकते हैं:

- अपने हाथों और अपने पैरों से पास करना
- दूसरी टीम के खिलाड़ियों को टैकल करना
- मार्क: किसी दूसरे खिलाड़ी की किक से गेंद को सीधे पकड़ना
- मैदान में कहीं से भी गोल हासिल करने के लिए किक करना

खिलाड़ी ये नहीं कर सकते हैं:

- कंधों से ऊपर या घुटनों से नीचे टैकल करना
- किसी दूसरे खिलाड़ी को लड़खड़ाना
- दूसरी टीम के खिलाड़ी को पीछे से धक्का देना
- गेंद को बहुत लंबे समय तक पकड़े रखना, वरना उन्हें टैकल किया जाएगा

खेल के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट afl.com.au पर जाएँ।